तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 16 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 खालसा रूपी सजे पंज प्यारों के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा



## खबर संक्षेप

### नौ कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ आज से

**अंबिकापुर।** शहर के प्रतापपुर रोड में नौ कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 16 से 24 जनवरी तक किया जाएगा। महायज्ञ में राम कथा एवं भागवत कथा के रसिक प्रवक्ता चित्रकूट धाम से दीपक कृष्ण शास्त्री शामिल होंगे। मंगलवार को प्रातः 9 बजे शहर में कलश यात्रा निकाली जाएगी और कलश यात्रा उपरान्त यज्ञ प्रतिष्ठा एवं पूजन के साथ यज्ञ आरंभ होगा। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से चंडी पाठ एवं दोपहर दो बजे से हवन-यज्ञ किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को को यज्ञ के साथ सुंदरकांड का भी विशेष आयोजन किया जाएगा। 25 जनवरी अन्नप्रसाद व वृहद भंडारा आयोजित होगा। आयोजन समिति के संरक्षक स्वामी तन्मयानंदजी महाराज ने बताया कि सभी के कल्याण एवं मंगल हेतु यह परम दुर्लभ यज्ञ आयोजित किया जा रहा है जिसमें चित्रकूट एवं प्रयागराज के आचार्यों द्वारा अनुष्ठान किया जाएगा। आयोजन को लेकर आज समिति द्वारा बैठक का आयोजन कर रूप रेखा तय की गई। इस दौरान समिति के सदस्य अजय तिवारी, कृपा शंकर गुप्ता, अभय तिवारी, शशिकांत सिंह, दयाशंकर गुप्ता, सुशीला गुप्ता, ओमप्रकाश त्रिपाठी, धीरज गुप्ता, धनंजय गुप्ता, गोवर्धन मिश्रा, चन्द्रभूषण पाण्डेय, राकेश केसरी, राकेश दुबे, नीरज सिंह, नीरज सिन्हा, नीरज गुप्ता, बजरंग गुप्ता, आनंद कुमार गुप्ता, लालबहादुर तिवारी, संतोष कुमार गुप्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

### प्रत्येक मंगलवार 12 बजे से होगा कलेक्टर जनदर्शन

**अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को 11 बजे से समय सीमा की बैठक होगी। इसके बाद जनदर्शन सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। समय सीमा की बैठक के पश्चात मंगलवार को दोपहर 12 बजे से कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

### नशीले इंजेक्शन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए नशीले इंजेक्शन के बिक्री की तलाश में घूम रहे दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लखनपुर पुलिस मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक बस स्टैंड में नशीला इंजेक्शन बेचने की फिराक में घूम रहे है। ऐसे में एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, एसडीओपी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बस स्टैंड में घेराबंदी कर लखनपुर के ग्राम बंधा निवासी 33 वर्षीय राम बिहारी आ. स्व. ठाकुर प्रसाद व 19 वर्षीय मुकेश यादव आ. सतीश यादव को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवकों के पास से 124 नग नशीला इंजेक्शन, 120 नग नीडिल, 4 नग सिरिंज बरामद किया जिसकी कुल कीमत 62 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों को धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### उदयपुर में बच्चे के कैंसर का उपचार कराने जा रहे पिता को बोलेरो ने मारी टक्कर

# रफ्तार का कहर : 24 घंटे के अंदर तीन घटनाओं में महिला समेत 4 की मौत



दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में 24 घंटे के अंदर तेज रफ्तार के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि दर्जन भर से अधिक लोग घायल हुए है। तातापानी महोत्सव से लौटते समय राजपुर के समीप स्कार्पियों वाहन पुलिया की रेलिंग तोड़कर नाला में गिर गई। इस हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। वहीं एनएच 130 पर ग्राम पूटा में बोलेरो चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना को अंजाम भागते समय बोलेरो पेड़ से टकराकर पलट गई जिसमें बरोखी खाकर लौट रहे लोग घायल हो गई। वहीं आज सुबह शहर के बिलासपुर रोड पर तेज रफ्तार बाइक सवार ऑटो से टकरा गया और पीछे से आ रहे ट्रक का चालक युवक को रौंदते हुए फरार हो गया। सभी मामलों में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना के ग्राम पंडरीपानी निवासी 21 वर्षीय लालू प्रासद यादव आ. लल्लू प्रसाद यादव सोमवार को किसी काम से अंबिकापुर आया हुआ था और काम निपटाने के बाद दोपहर में वह बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान बिलासपुर चौक से आगे पेट्रोल पम्प के समीप चालक ने आगे चल रहे ऑटो को ओवरटेक करने का प्रयास किया लेकिन उसकी ऑटो से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर गया और इसी समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक का चालक बाइक सवार को रौंदते हुए फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने ट्रक का पीछा भी किया लेकिन चालक भागने में सफल रहा। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

**खास बात**
- तातापानी से लौट रहे ग्रामीणों की वाहन गिरी पुलिया से नीचे

## रेलिंग तोड़ते हुए गिरी स्कार्पियों, दो की मौत

**राजपुर।** तातापानी महोत्सव से लौट रहे ग्रामीणों की स्कार्पियों अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। इस घटना में दबकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार महिला को अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। बताया जा रहा है कि सरगुजा जिले के लुंड्रा अंतर्गत रहने वाला परिवार 14 जनवरी को संक्रांति मेला घूमने के लिए स्कार्पियों क्रमांक सीजी 10 एनबी 2116 से तातापानी गया हुआ था। तातापानी में मेला घूमने के बाद परिवार वापस लौट रहा था। इस दौरान देर रात जैसे ही से थाना अंतर्गत ग्राम भेड़ाघाट के समीप पहुंचे चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार स्कार्पियों मोड़ पर अनियंत्रित होकर पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे नाला में गिर गई। इस हादसे में स्कार्पियों के नीचे दबने से चालक लुंड्रा ससौली निवासी 29 वर्षीय कृष्णा पैकरा आ. सुन्दर साय पैकरा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जांच उपरान्त लुंड्रा महोरा निवासी 30 वर्षीया यशोदा पति राकेश पैकरा को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में वाहन सवार योगेश्वर, रौशनी, चाँदनी, बहादुर, सोनिया, लीलावती समेत अन्य लोगों को सिर, हाथ पैर में चोट आई है।



## बाइक को टक्कर मारने के बाद पलटी बोलेरो, भाजपा नेता की मौत

**डांड़गांव।** बीती रात बरोखी कार्यक्रम से लौट रहे बोलेरो के चालक ने शराब के नशे में धुत्त होकर बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में भाजपा नेता की मौत हो गई जबकि घटना के बाद भाग रहे चालक ने बोलेरो को पेड़ से टक्कर मार दी और टक्कर के बाद बोलेरो पलट गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। बताया जा रहा है कि ग्राम केदमा निवासी प्रदीप उरांव बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 एचए 8459 से बरोखी खाने के लिए बतौली के ग्राम बोदा गया हुआ था। वाहन में लगभग 14 लोग सवार थे। बोदा से सभी ग्रामीण बीती रात उदयपुर होते हुए कुदर बसवार की ओर जा रहे थे। वहीं उदयपुर के ग्राम सानीबर्रा निवासी 40 वर्षीय बबलू यादव आ. रामकुमार यादव अपने पुत्र 13 वर्षीय कलेश्वर व कोरिया जिले के ग्राम डुमरिया निवासी 20 वर्षीय रमेश आ. राममिलन के साथ बच्चे के कैंसर का उपचार कराने के लिए रायपुर जाने के नाम पर घर से निकला था और बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इस दौरान ग्राम पूटा के समीप शराब के नशे में धुत बोलेरो चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बबलू यादव का पैर कट गया और खून बहने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि कैंसर से ग्रसित बच्चा व युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद डायल 112 की टीम द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने बबलू यादव को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद भाग रहे बोलेरो चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और बोलेरो सानीबर्रा के देवला के समीप पेड़ से टकराने के बाद पलट गई। इस हादसे में अनीता, कैलाश, जमुनी, बिनेश्वर समेत अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अस्पताल में बोलेरो की टक्कर से मृत युवक के परिजन को जब इस बात की जानकारी मिली कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले बोलेरो के घायल चालक को अस्पताल में लाया गया है तो वहां तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई लेकिन पुलिस ने अपनी निगरानी में प्रारंभिक उपचार के बाद चालक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

# गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



शोभायात्रा में शामिल पंज प्यारे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरु गोविन्द सिंह जी के 357 वां प्रकाश पर्व जिले में भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रकाश पर्व के अवसर पर शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शबद कीर्तन के साथ निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही लुधियाना से पहुंचे गतका दल द्वारा गतका कला का प्रदर्शन किया गया जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सोमवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 357 वें प्रकाश पर्व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा स्कूल रोड से निकलकर महामाया चौक, सदर रोड, जय स्तंभ चौक, बाबू पारा होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु नानक निवास में पहुंची जहां शोभायात्रा तथा गुरु ग्रंथ साहब का श्रद्धापूर्वक स्वागत करते हुए शब्द कीर्तन किया गया। बाबूपारा स्थित गुरुद्वारा से शोभायात्रा पुनः ब्रह्म रोड, संगम चौक, महामाया चौक होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंची जहां पर शबद कीर्तन अरदास पश्चात प्रसाद वितरण और गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण लुधियाना से पहुंचा गतका पार्टी रहा। गतका दल ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर गतका कला का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा निशान साहब और पंज प्यारों की अगुवाई में निकाली गई। निशान साहब की सेवा सरदार जसमीत सिंह एवं सरदार जगजोत सिंह भामरा द्वारा की गई। सरदार हरमिंदर सिंह भामरा, गुरसेवक सिंह भामरा, प्रताप सिंह सोहल, प्रितपाल सिंह मथारू, प्रितपाल सिंह भामरा मोंटी ने गुरु की बक्शी हुई पोशाक पहन कर पांच प्यारों के रूप में शोभायात्रा में अपनी सेवा प्रदान की। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा एवं सचिव सरदार नरेंद्र सिंह भामरा ने समूह साध संगत को गुरु पर्व के उपलक्ष में बधाइयां दी हैं। इस दौरान प्रवक्ता सरदार जितेंद्र सिंह सोढ़ी एवं सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा रिंकू सहित अन्य मौजूद थे।

- लुधियाना से पहुंचा गतका दल रहा आकर्षण का केंद्र, जगह जगह किया गया स्वागत




गतका का प्रदर्शन करते समाज के लोग।

# मलखंभ अकादमी के बच्चों ने हैरतअंगेज करतब से किया दर्शकों का मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/रामानुजगंज

मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में प्रदेश व अन्य पड़ोसी जिलों से लोग संक्रांति मेला घूमने पहुंच रहे है। इस दौरान महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों एवं प्रदेश ख्याति प्राप्त कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से जिले के विकास की झलक और पारंपरिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। इसके साथ ही इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 के विनर एवं अबुझमाड़ मलखंभ एंड स्पोर्टस अकादमी की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। मलखंभ अकादमी के खिलाड़ियों ने मलखंभ पर इंडियाज गॉट टैलेंट वाली अपनी प्रस्तुती से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी लोकगीत के गायक सुनिल सोनी ने अपनी सुमधुर आवाज से छत्तीसगढ़ी लोकगीत के साथ बॉलीवुड गीतों से अपने अंदाज में पेश कर श्रोताओं के दिल में अपनी जगह बनायी। संक्रांति परब तातापानी महोत्सव 2024 के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने सुआ, कर्मा, गेड़ी, भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति से अतिथियों का मन मोहा। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों से आये स्थानीय कलाकारों ने अपने नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला व संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस दौरान उपस्थित दर्शकों ने पूरी तन्मयता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर लुत्फ उठाया। महोत्सव में अपने प्रदर्शन और कला से लोगों का मन मोह लेने वाले विभिन्न स्थानों से आये कलाकारों का जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

- छत्तीसगढ़ी लोक गीत के गायक सुनील सोनी ने दी प्रस्तुति



गायक सुनील सोनी ने अपने सुरीली आवाज की जादू से दर्शकों मनमोहते हुए और अपनी टीम के

## ट्रक ने साप्ताहिक बाजार के समीप ट्रैक्टर को मारी टक्कर, दो घायल

**चांदो।** बॉक्साइट परिवहन कार्य में लगे ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर हवा में उछलकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे बलरामपुर से कुसमी की ओर जा रहे ट्रक के चालक ने चांदो मुख्य मार्ग पर सप्ताहिक बाजार के समीप टैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर उछलकर दूर जा गिरा। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में घायल चालक व अन्य युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इधर इस घटना के बाद फरार हुए ट्रक को ग्रामीणों ने 15 किमी तक पीछा कर कंठी घाट के समीप पकड़ लिया। ट्रक सामरी निवासी अमरदयाल यादव की बताई जा रही है। ट्रक से बाक्साइड परिवहन का कार्य किया जाता है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि बलरामपुर चांदो मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है इसके बाद भी चालक बेखौफ होकर इस मार्ग पर ट्रक दौड़ा रहे है।




# यातायात नियमों का पालन कराने के साथ ही जागरूक करना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान का शुभांरभ किया गया। 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता रथ को एसपी व जनप्रतिनिधियों ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ साप्ताहिक बाजारों, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। आज सड़क सुरक्षा माह के उद्घाटन अवसर पर एसपी सुनील शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय मे यातायात नियमों का पालन कराने के साथ साथ आमनागरिकों को जागरूक करना अति आवश्यक हैं। सड़क सुरक्षा रथ यातायात जागरूकता प्रचार प्रसार मे महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। शहर की अधिकांश सड़के वर्तमान समय के हिसाब से सकरी हैं, और यातायात का दबाव निरंतर बढ़ रहा हैं। सरगुजा पुलिस द्वारा कई सड़को को वन वे कर प्रभावी व्यवस्था बनाई गई हैं साथ ही लापरवाह एवं द्रुत गति से वाहन चलाकर आमनागरिकों के जीवन को संकटापन्न मे लाने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। नाबालिगो द्वारा वाहन चलाने पर परिजन को बुलाकर कड़ी समझाईस के साथ साथ भारी भरकम चालानी कार्रवाई की जा रही हैं। अमानक साइलेंसर के विरुद्ध अभियान चलाकर जप्ती एवं चालानी कार्रवाई की जा रही हैं। रिंग रोड मे खड़े वाहनों के सम्बन्ध मे ट्रांसपोर्ट यूनियन एवं गैरेज संचालको के साथ बैठक कर रिंग रोड को पार्किंग मुक्त बनाने के सम्बन्ध मे सतत कार्रवाई की जायगी। उन्होंने बताया कि सरगुजा पुलिस द्वारा पथ सुरक्षा जीवन सुरक्षा अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्कूली बच्चों में जागरूकता, हेलमेट रैली, यातायात जागरूकता मैराथन, ऑटो, बस, ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों के चालकों एवं परिचालक के आंखों की जांच, लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सीएसपी स्मृतिक राजनाला, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, आलोक दुबे, रविन्द्र तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

- सड़क सुरक्षा माह का किया गया शुभारंभ, जागरूकता रथ को दिखाई हरीझंडी

### मौसम विज्ञानियों ने छात्र-छात्राओं को दी मौसमी घटकों की जानकारी, उपकरणों का कराया अवलोकन

# धूमधाम से मनाया गया मौसम विभाग का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150 वर्ष पूरा होने पर सोमवार को पीजी कॉलेज में भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ.अनिल सिन्हा, दीपिका स्वर्णकार एवं अतिथि व्याख्याता ओंकार कुशवाहा के आतिथ्य में विभाग का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में विभाग के छात्र-छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भागीदारी की एवं मौसम विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों से अवगत हुए। इस अवसर पर डॉ.सिन्हा ने कहा कि वर्तमान जीवन में मौसम विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मौसम विभाग मौसमी गतिविधियों का निरंतर अध्ययन कर हर गतिविधियों की जानकारी देकर देशवासियों को अवगत कराता है। मौसमी बदलावों से संबन्धित पूर्व सूचना के आधार पर हम सतर्क होकर बड़ी क्षति से बचने की तैयारियां करने में सक्षम होते हैं। आंधी-तूफान, वर्षा की सटीक जानकारी देने के साथ ही विभाग विभिन्न अत्याधुनिक उपकरणों से मौसम के विभिन्न घटकों पर अध्ययन कर रहा है। मौसम के आंकड़ों का मौसम के अध्ययन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भूगोल के विद्यार्थियों के लिए मौसम की गतिविधियों एवं आकड़ों का अध्ययन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। मौसम विभाग के प्रभारी अधिकारी एसके मंडल ने मौसमी गतिविधियों एवं उसके अध्ययन के तरीकों एवं उसके प्रभाव की जानकारी दी। उन्होंने गर्म होकर हवा के उठने, समुद्र में तूफान बनने आदि विभिन्न घटकों की विस्तार से जानकारी दी। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने मौसम कार्यालय में लगे विभिन्न उपकरणों का अवलोकन करा उनके काम करने के तरीके, लाभ, आंकड़ों का विश्लेषण करने सहित अन्य तथ्यों से अवगत कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के शंका का समाधान किया तथा हवाई सफर में मौसम विभाग के योगदान से अवगत कराया। उन्होंने विभाग द्वारा लोगों के मौसम विभिन्न घटकों की जानकारी देने वाले विभिन्न माध्यमों से अवगत कराया एवं मौसम संबंधी किसी भी शंका के समाधान के लिए कभी भी विभाग के अधिकारी – कर्मचारियों से संपर्क करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्थापना वर्ष में विभाग सालोभर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अब तक के सफर एवं उपलब्धियों से छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को अवगत कराएगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यालय के एकांत वातावरण में पिकनिक का आनंद उठाया।



### 40 साल बाद मिला अपना भवन

बताते हैं कि आजादी के पूर्व भी सरगुजा रियासत को थाने में लगे टेलीफोन के माध्यम से मौसम संबंधी जानकारी नियमित उपलब्ध कराई जाती थी। आजादी के बाद स्थानीय प्रशासन के अधीन मौसम विभाग का संचालन होता रहा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 1982 में मौसम कार्यालय की स्थापना की गई। तब से लेकर वर्ष 2023 तक विभाग का संचालन सर्किट हाउस में होता रहा। वर्ष 2023 में दरिमा मार्ग स्थित ग्राम कतकालों में विभाग का भवन बनने पर कार्यालय का संचालन स्वयं के भवन में किया जा रहा है। अब कार्यालय में आरएसआर डब्ल्यू उपकरण लगाने की तैयारी की जा रही है। विभाग के अधिकारी गुब्बारे में लगे सेंसर व रडार के माध्यम से ऊपरी हवा के आकड़े जुटाएंगे। दरिमा स्थित हवाई अड्डे में भी मौसम कार्यालय की स्थापना की गई है।

## खबर संक्षेप



### अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई बैठक

**उदयपुर।** राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक दिवस के तैयारियों को लेकर उदयपुर मंडल में बैठक आयोजित किया गया। बैठक विधायक राजेश अग्रवाल के निर्देशानुसार रेस्ट हाउस में श्रीराम भक्तों, भाजपा कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओ का श्री राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक दिवस के तैयारियों को लेकर के एक आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया। मुख्य रूप से ऐतिहासिक रूप से दिवाली की तरह 22 जनवरी को मनाने सभी कार्यकर्ताओं से कहा गया। साथ ही 14 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर, देवालय, देवगुडी की लिपाई पुताई व साफ-सफाई करने की बात कही गई। निर्धारित की गई बिन्दू में भव्य भगवा रैली, लाइव प्रसारण रामचरितमानस, सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ करने सहित अन्य बिंदु शामिल है। इस दौरान रामप्रसाद गुप्ता, सीताराम जायसवाल, अनिल सिंह, दिनेश साहू, ब्रिज किशोर पांडे, चंद्र बसु यादव, सौरभ अग्रवाल, प्रबोध सिंह, दीपक सिंघल, कल्पना भदौरिया, अंजना गुप्ता, सरस्वती पैकरा, परमिला पोर्ते, सरोज अग्रवाल, मधु गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### ठण्ड से बचने जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरण



**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर के अधिवक्ता व जिला महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा सुनील गुप्ता ने 60 से अधिक जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया। सुनील गुप्ता ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है। कड़ाके की ठंड मे गरीब आज भी ठिठुर रहे हैं किंतु उन्हें देखने वाला कोई नहीं। हमारा क्षेत्र जंगल इलाका में है जहां लगातार एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड से लोग ठिठुर रहे हैं। गरीबों को ठंड से बचाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य करने के लिए संपन्न व्यक्ति को आगे आना चाहिए। इस दौरान अधिवक्ता विक्रमादित्य गुप्ता, वार्ड पार्षद फूल साय, अजीत तिर्की, हर्षित गुप्ता, सुनील, करिमन, सुनील, बिनोद, सोनू, रामरतन, सिवरतन, सूदन, फुलसाय, हिरासाय, संगीता तिर्की, मंजू तिर्की, जमुना तिर्की, पुष्पा तिर्की, सतनी तिर्की, मुन्ना सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला हरिहरपुर के 120 बच्चों को स्वेटर वितरित



**रामचंद्रपुर।** शासकीय महाविद्यालय एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा आयोजित 7 दिवसीय शिविर में प्राथमिक शाला हरिहरपुर के 120 बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया। कड़ाके की ठंड में स्कूली बच्चों की समस्या को देखते हुए कॉलेज एवं स्कूल के अध्यापकों ने बच्चों को स्वेटर देने का निर्णय लिया था आपस में राशि एकत्र कर बच्चों के लिए स्वेटर की व्यवस्था की कॉलेज के प्राचार्य बीआर देवांगन, हायर सेकेण्ड्री स्कूल के प्राचार्य बीएल लहरे, सरपंच भरतराम की उपस्थिति में बच्चों को स्वेटर वितरित किया। इस दौरान प्राचार्य श्री सोनवानी ने बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया।

### भाषण प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मिलित

**रामचंद्रपुर।** शासकीय महाविद्यालय में युवा दिव धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य डॉ.सत्येन्द्र कुमार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। छात्र-छात्राओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। लक्ष्मी नारायण कश्यप, प्रमोद गुप्ता, जामवंत यादव, दिनेश ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को हमेशा युवा सोच के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नवमतदाता-भारत निर्माता विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 15 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। प्रदर्शन के आधार पर निर्णायकों ने प्रथम सत्यप्रकाश ठाकुर, द्वतीय सरस्वती सिंह, तृतीय अमिला यादव को घोषित किया। प्रमोद गुप्ता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी करने वाली छात्राओं एवं विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

## वर्षो पुराने भवन की नहीं हो सकी मरम्मत

# घाटबर्रा के बालक आश्रम में भारी अव्यवस्था



जर्जर आश्रम भवन।



फटे-पुराने बिस्तर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

बच्चों का भविष्य उज्जवल हो और पढ़ाई कर अपने साथ परिवार का नाम रौशन करें इसे लेकर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर छात्रावास भवन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जहां बच्चे रहकर पढ़ाई कर सके। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत घाटबर्रा में 20 बिस्तरीय प्री मैट्रिक बालक आश्रम वर्षो से संचालित है बावजूद इसके जर्जर हो चुकी भवन की मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में आश्रम में रहने वाले बच्चों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**

- आश्रम के बच्चों की बढ़ी परेशानी

**सूखा पेड़ बना खतरा**

आश्रम के परिसर में काफी तीन बड़े नीलगिरी का सूखा पेड़ है। ऐसे में हवा चलने पर हमेशा पेड़ के गिरने की संभावना बनी रहती है। आश्रम प्रबंधक ने पेड़ को हटाने के लिए संबंधित विभाग से शिकायत की है परंतु आज तक पेड़ को नहीं हटाया जा सका। ऐसे में जिस तरह से पेड़ सूखने के साथ कमजोर हो रही है उससे आने वाले समय में बच्चों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। ऐसे में समय रहते पेड़ को नहीं हटाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**आश्रम में नहीं ठहरते अधीक्षक**

आश्रम में एक अधीक्षक की नियुक्ति की गई है जो तिलहर डुगु पीएस में भी पदस्थ है। ऐस में घाटबर्रा प्री मैट्रिक बालक आश्रम में अधीक्षक विहीन होता है। ऐसे में ग्रामीण बच्चों ने बताया कि आश्रम के अधीक्षक आश्रम में काफी कम आते है। ऐसे में बच्चे आश्रम के कर्मचारी के भरोसे ही रहते है।

**खदान के ब्लास्ट से भवन में होता है कंपन**

आश्रम के एक कर्मचारी ने बताया कि आश्रम का भवन काफी जर्जर है। ऐसे में खदान जब ब्लास्टिंग की जाती है तो उस दौरान वह भवन में काफी कंपन होता है। जर्जर भवन बच्चों के रहने के स्थान के पास ही है तथा उक्त भवन अत्यंत जर्जर होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने का डर बना हुआ है। ऐसे आश्रम के पास के अत्यंत जर्जर भवन के डिस्मेंटल एवं मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण आए दिन खतरा बना रहता है।

विकासखंड उदयपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटबर्रा में 20 सीटर प्री मैट्रिक बालक आश्रम जो वर्षों से संचालित है। जहां वर्तमान में काफी अव्यवस्था है जिससे आश्रम में रहने वाले बच्चों के लिए परेशानियां सबब बना हुआ है। गौरतलब है कि दूर दराज में निवासरत बच्चों के रहने एवं अध्ययन कार्य जारी रखे जाने हेतु शासन द्वारा बच्चों के लिए आश्रम बनाकर उन्हें सभी सुविधा मुहैया कराया है। लेकिन स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों की भारी लापरवाही के कारण बच्चे मूलभूत सुविधा सहित अन्य व्यवस्था को लेकर के काफी परेशान हैं। वर्षो से संचालित प्री मेट्रिक बालक आश्रम की भवन तो जर्जर है ही साथ ही मरम्मत के अभाव में यहां बच्चों के सोने के बेड की हालत भी काफी दयनीय है।

**शिकायत पर नहीं हुआ अमल**

प्री मैट्रिक बालक आश्रम भवन काफी पुरानी व जर्जर है। भवन की मरम्मत करने के अलावा आश्रम परिसर स्थित नीलगिरी के सूखे पेड़ को हटाने विभाग को अवगत कराया गया है। पूर्व में भी इस संबंध में कई बार शिकायत की गई परंतु आज तक शिकायत पर अमल नहीं हो सका।

-इंदर पैकरा, हॉस्टल अधीक्षक



# साधुराम विद्या मंदिर में हुआ वार्षिक खेल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

साधु राम विद्या मंदिर सूरजपुर में पांचवें वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया जिसका समापन समारोह एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल एवं सीईओ लीना कोसम के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुत किया वहीं अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण किया। वार्षिक खेल उत्सव में 26 प्रकार के अलग-अलग खेल शामिल किए गए थे। जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

अतिथियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। स्कूल के सभी खिलाड़ियों को चार हाउस आकाश, अग्नि, जल तथा पृथ्वी में विभाजित किया गया था। इस सत्र में खेल के साथ-साथ अन्य शैक्षिक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए जल हाउस को प्रथम घोषित किया गया तथा अग्नि हाउस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। छात्र खिलाड़ियों के साथ-साथ अभिभावक, शिक्षक एवं अन्य स्टाफ के लिए भी खेल आयोजित किया गया। सभी वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। समापन के अवसर पर अतिथि स्कूल के डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल एवं एडीएसओ सत्येंद्र शुक्ला मंच पर मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वार्षिक खेल उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विद्यालय के खेल शिक्षक संजय सिदार, सुरेश कुमार सहित शिक्षक एवं अन्य स्टाफ सक्रिय रहे। मंच का संचालन एवं रनिंग कमेंट्री तुलेश्वर राजवाड़े एवं रजनी मिश्रा ने किया। इस दौरान प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप प्राचार्य डीडी तिवारी, संदीप दत्ता व बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

# स्कायरिच एजूकेशन स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**उदयपुर।** विकासखंड उदयपुर के स्कायरिच एजुकेशन हायर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.अविनाश गुप्ता एवं अध्यक्ष के रूप में बसंत सिंह एकल अभियान सरगुजा जिलाध्यक्ष द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि स्वामी विवेकानंद देश के महान विभूति के रूप में जन्म लिए और आज पूरे देश का नाम विश्व पटल पर लाने वाले महान समाज सुधारक स्वामी अपने जीवन काल युवावस्था में ही कार्य करके देश का नाम रोशन किया। अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में शामिल होकर सनातन धर्म पर



अपना विचार व्यक्त कर रहे थे तब लगातार 15 मिनट तक लगातार ताली बजता रहा जो कि विश्व में एक अनूठा संगम रहा है। स्कूल प्राचार्य रामप्रसाद गुप्ता ने कहा स्वामी विवेकानंद के बताये गये रास्ते पर चलकर आप नये मुकाम तक पहुंच सकते हैं, स्वामी विवेकानंद युवाओं का प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, कविता भाषण हिन्दी अंग्रेजी मे दिया स्वामी विवेकानंद के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला।

### पेड़ से गिरा ग्रामीण उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** बकरी के लिए पत्ता तोड़ने पेड़ पर चढ़ा ग्रामीण पैर फिसल जाने से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम उटपी निवासी दल प्रताप सिंह आ. मनबोध सिंह (45) शनिवार को घर सपीप कटहल पेड़ पर चढ़कर बकरियों के लिए पत्ता तोड़ रहा था। इसी दौरान ग्रामीण एक डाल को काटने लगा तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिर गंभीर रूप घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन उसे तत्काल बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए विभिन्न प्रोजेक्ट के मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रोजेक्ट व मॉडल बनाया। प्राचार्य व नोडल अधिकारी लैफ सिंह पैकरा प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट व मॉडल की सराहना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं से विज्ञान मॉडल से संबंधित प्रश्न भी किया जिनका उत्तर छात्र-छात्राओं ने सहजता से दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्रीमती श्वेता सिंहा, लक्ष्य आनंद व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती किरण अरोरा ने



छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करना एवं विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए किया गया। प्रदर्शनी में विद्यालय के चौथी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे छात्र-छात्राओं ने ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, विद्युत चुंबकीय गुण इत्यादि विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। इस दौरान श्रीमती पूर्णिमा राजवाड़े, नेहा सोनवानी, सावित्री सोनवानी, जयश्री, साक्षी ठाकुर, सोनमती केवट, फरहीन, दीप्ति, मनोज कुमार साहू, संजय सिंह अरोड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

# हाथियों ने तीन घरों में की तोड़फोड़

**उदयपुर।** पिछले 20 दिनों से क्षेत्र में भ्रमण कर रहे 11 हाथियों के दल ने शनिवार की रात वन परिक्षेत्र लखनपुर के सीमावर्ती ग्राम अमगसी नवापारा में जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने तीन ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ की एवं बाड़ी में लगी आलू की फसल को तबाह कर दिया। हाथियों का दल शाम ढ़लने के बाद कठरा जंगल से बाहर निकले एनएच 130 क्रास कर रात्रि 10 बजे वन परिक्षेत्र लखनपुर के सीमावर्ती ग्राम अमगसी नवापारा पहुंचे। कुछ देर तक इधर-उधर घूमने के बाद हाथी बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ मचाने लगे। हाथियों ने गांव के आक्सन राम, सुखन एवं बलिंदर के घर में तोड़फोड़ मचाने के बाद घर में रखे अनाज को चटकर गए। घरों में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथियों ने बाड़ी में लगी आलू की फसल से अपनी भूख मिटाई एवं वापस एनएच क्रॉस कर भोर में करम कठरा जंगल पहुंचे। हाथियों के वापस लौटने के भय से रास्ते के ग्राम जजगा के ग्रामीण रतजगा करते रहे। हाथियों के वापस करमकठरा जंगल में दाखिल होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।










**Online Booking : www.tripuryatra.com** माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 18,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

## श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

**रिजर्वेशन कोच (14 दिन)**
07 मई से 20 मई 2024
09 मई से 22 मई 2024
11 मई से 24 मई 2024
13 मई से 26 मई 2024
15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024
19 मई से 01 जून 2024
21 मई से 03 जून 2024
23 मई से 05 जून 2024
25 मई से 07 जून 2024
27 मई से 09 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024
31 मई से 13 जून 2024

**चारधाम की विशेष सुविधा**
1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक।
2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा।
3. रात्रि विश्राम के लिए हॉटल/ लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा।
4. सर्वश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था।
5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411

नोट : कृपया अंतिम दिनांक से पहले बुकिंग करवालें क्योंकि ट्रेन में वेटिंग लगने पर टिकिट नहीं मिल पाती है।

राशि : स्लीपर 22,500/- , 3 एसी -32,500/-, 2 एसी - 38,500/- ऑफर : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ट्रेन से 12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक ( 07 दिन )**



स्लीपर मात्र 8,500/-

सबसे कम राशि पर

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

## श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

**स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं**
1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी ।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है ।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे ।

राशि : 12,500/- रू., 3एसी-20,100/-, 2एसी-25,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-19,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

**स्पेशल कोच से -02 मार्च से 12 मार्च 2024, 21 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024**
**स्पेशल ट्रेन से - 24 जुलाई से 05 अगस्त 2024, 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)**

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

**रिजर्वेशन कोच (10 दिन)**
20 फरवरी 29 फरवरी 2024
23 अप्रैल से 02 मई 2024
04 जून से 13 जून 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

ऑफर : राशि स्लीपर रिजर्वेशन कोच 13,500/- स्पेशल कोच / ट्रेन 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

**स्पेशल ट्रेन से 02 मई से 08 मई 2024 तक ( 07 दिन )**

# माता वैष्णव देवी

स्लीपर मात्र 8,100/-

माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन

राशि : 14,500/- रु., 3एसी-21,500/-, 2एसी-27,100/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 8,100/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी, वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम), अयोध्या (राम जन्मभूमि), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर

**रिजर्वेशन कोच (14 दिन)**
15 फरवरी से 28 फरवरी 2024
04 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024
07 मार्च से 20 मार्च 2024
09 मई से 22 मई 2024
23 मई से 05 जून 2024

राशि : 22,500/- रु., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-25,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

**रिजर्वेशन कोच - 23 फरवरी से 27 फरवरी 2024, 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024**
**स्पेशल ट्रेन से 02 जून से 06 जून 2024 तक (05 दिन)**

# अयोध्या धाम

स्लीपर मात्र 7,500/-

अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), प्रयागराज (त्रिवेणी संगम)

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,500/-, 2एसी-23,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 7,500/- 3 एसी-15,500/-, 2 एसी-17,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 13,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

**रिजर्वेशन कोच (11 दिन)**
06 मार्च से 16 मार्च 2024
03 अप्रैल से 13 मई 2024
08 मई से 18 मई 2024
22 मई से 01 जून 2024
05 जून से 15 जून 2024
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024

राशि : 20,500/- रु., 3एसी-28,100/-, 2एसी-32,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 13,500/- 3 एसी-22,500/-, 2 एसी-28,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

**स्पेशल ट्रेन से 04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक ( 06 दिन )**

# गंगा सागर यात्रा

स्लीपर मात्र 7,500/-

गंगा सागर, जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : 13,500/- रु., 3एसी-21,100/-, 2एसी-26,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 7,500/- 3 एसी-15,500/-, 2 एसी-20,500/- (+5% GST) 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर

---

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 25 जनवरी 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधायें : यात्रा के दौरान -1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में फैमलि वाईस ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा ।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी। 5. जो भी भक्तजन तीर्थ यात्रा करना चाहते हैं । वह यात्रा की अंतिम तिथि से पहले अपनी बुकिंग करवा ले, क्योंकि मई माह में चार धाम तीर्थ स्थलों पे होटल व बस की बुकिंग फुल हो जाती है और समिति को आपके नाम से रेलवे ट्रेन में टिकट बनवानी रहती है! तो यदि रेलवे में वेटिंग लग जाती है! तो आप अपना यात्रा करने का उद्देश्य पूरा नहीं कर पाएंगे।

सावधान : जो भी भक्तजन तीर्थ यात्रा में जाना चाहते हैं वह अपनी बुकिंग श्री त्रिपुर यात्रा सेवा समिति के बैंक अकाउंट से ही करवाएं या www.tripuryatra.com पे ऑनलाइन करवाएं किसी भी युवक युवती के बहकावे में आकर पर्सनल नाम के अकाउंट में पैसे ना डालें कुछ युवक-युवती कॉल करके फर्जी तरीके से पर्सनल अकाउंट में पैसे डलवा कर ना यात्रा करवाते हैं और पैसे का गबन भी कर लेते हैं। पैसे लेकर अच्छी सुविधा उपलब्ध नहीं कराते, पूरे यात्रा केवल आपको परेशान करते रहते हैं।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन पूर्व पूर्ण राशि का निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन पूर्व 50 प्रतिशत, 7 दिन पूर्व 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन पूर्व राशि वापसी नहीं हो पाएगी । 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग्य नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी । 5. समिति स्पेशल ट्रेन/ कोच के लिए रेलवे में आवेदन करेगी, परंतु किसी कारावश स्पेशल ट्रेन/ कोच रेल्वे से उपलब्ध नहीं हो पाती है तो उस स्थिति अनुसार आपको रिजर्वेशन कोच से यात्रा करनी रहेगी। सहमती पर ही बुकिंग करवायें। 6. एसी वाले भक्त जनों का स्पेशल ट्रेन व कोच में रामेश्वरम् यात्रा 23 दिसंबर के अलावा सभी यात्रा में एसी यात्री कम होने के कारण रिजर्वेशन कोच में ही यात्रा करनी रहती है कृपया अपनी सहमति पर ही बुकिंग करवाएं। 7. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 8. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

**अपने शहर/ गांव/ नगर में फ्रेंचाईजी के लिए संपर्क करें- 7035-411411**

नोट : 1. कृपया www.tripuryatra.com से टूर आईटनरी, नियम व शर्तो को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें। 2. तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा

**समिति की उपलब्धियां -**
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास मंत्री माननीया अनीला भेंड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- सात राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षण एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), (एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता)

RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, RANCHI : Room No.- 401, Lod Suthiya Shivpuri Kishna Apartment, PATNA : 3rd Floor Shivam Complex Near Bank Of Baroda Bypass Road Khemnichak, Bhagalpur : Flat No 203 Sandis Compound Gate Above Vishal Mega Mart Bhagalpur, HARYANA: Panghal Travels 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

**संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com**